हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

12 बागबाहरा नपा में विकास के नए आयाम : खिलेश्वरी



12 बावनकेरा में महिला दिवस पर हुआ सम्मान समारोह





खबर संक्षेप

### मवेशियों का अवैध परिवहन, 25 बैल बरामद



**महासमुंद।** बसना पुलिस ने बड़ेसाजापाली रोड ग्राम झारबंद में क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ले जाए जा रहे 25 नग बैलों को बरामद किया है। मामले में तीन लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते-पीटते, हांकते पैदल चलाते हुए बडेसाजापाली की ओर से ओडिशा कत्लखाना ले जा रहे हैं। मौके पर पहुंचकर उक्त लोगों को रोका गया। जिन्होंने पूछताछ में अपने नामछेडूलाल साहू पिता पीलालाल साहू (65 साल) झुमका थाना सरसींवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, पंचराम हरवंश पिता सुखराम हरवंश (60 साल) मिरौनी थाना हसौद जिला सक्ती, जगजीवन भास्कर पिता देशराम भास्कर (48 साल) डोमाडीह थाना सारंगढ़ होना बताए। पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से कुल 25 नग बैल कीमत करीबन 500000 रुपए व मोबाइल बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिक्षण अधि. 2004 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## मामला बागबाहरा का : परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोपी

# डीपीटी का टीका लगने के बाद पांच वर्षीय बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/बागबाहरा

डीपीटी का टीका लगाने के बाद जिले के बागबाहरा



- मामले में स्वास्थ्य विभाग ने पेश की पीएम रिपोर्ट, कहा- मृत्यु का कारण श्वासनली में एस्पिरेशन एवं अन्य स्वास्थ्य जटिलताएं

क्षेत्र में एक 5 वर्षीय बालक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बच्चे की मौत टीकाकरण में बरती गई लापरवाही के चलते हुई है। आरोप है कि 14 मार्च को खोले गए वायल से 16 मार्च को टीका लगाया गया। इकलौते बच्चे की मौत के बाद परिजनों का बुरा हाल है वहीं परिजनों ने शासन प्रशासन से कथित लापरवाही के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में प्रशासन का पक्ष सामने आया है कि उसी दिन उसी वायल से एक अन्य बच्चे को भी डीपीटी टीका लगाया गया। जो पूर्णतः स्वस्थ है। विभाग और प्रशासन की मानें तो टीकाकरण सुरक्षित है और उक्त घटना का टीका से कोई संबंध नहीं है।



### परिजनों को 30 लाख का मुआवजा और दोषियों पर हो कार्रवाई: द्वारिकाधीश

घटना की जानकारी मिलते ही खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली। विधायक ने आरोप लगाया कि टीका 14 मार्च को खोला गया था और 16 मार्च को बच्चे को लगाया गया, जो गंभीर लापरवाही का मामला है। इसकी जांच होनी चाहिए। खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और मृतक के परिजनों को 30 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग की है। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय महासमुंद भेजा गया है, जहां चिकित्सकों की टीम पीएम करेगी।

### यह है घटनाक्रम

बागबाहरा निवासी नरेंद्र यादव, जो वर्तमान में खल्लारी थाना में आरक्षक के पद पर पदस्थ है और बागबाहरा के वार्ड क्रमांक 2 शांति नगर में निवासरत हैं। परिजनों ने पांच वर्षीय पुत्र नैतिक यादव को राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के तहत 16 मार्च को सुबह लगभग 11:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा लेकर पहुंचा, जहां बच्चे को डीपीटी का टीका लगाया गया। टीकाकरण के बाद कुछ देर अस्पताल में रुकने और बुखार की दवा लेने के बाद परिजन बच्चे को घर ले गए। शाम करीब 4 बजे बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे फिर अस्पताल लेकर पहुंचे। और करीब 5 बजे चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

### मृत्यु का कारण श्वासनली में एस्पिरेशन एवं अन्य स्वास्थ्य जटिलताएं, न कि डीपीटी टीकाकरण - सीएमएचओ

बागबाहरा के 5 वर्षीय बालक नैतिक यादव की मृत्यु के पश्चात क्षेत्र में टीकाकरण को लेकर उत्पन्न हुई भ्रम एवं आशंकाओं के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर इसे निराधार बताया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में डीपीटी टीका लगाए जाने के बाद हुई इस घटना को लेकर परिजनों द्वारा संदेह व्यक्त किया गया था, किन्तु विस्तृत पोस्टमार्टम जांच में मृत्यू का कारण टीकाकरण से भिन्न पाया गया है।

### पीएम में अन्य चिकित्सकीय कारणों का संकेट

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि बालक का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा वीडियोग्राफी के साथ किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार बच्चे की श्वासनली में एस्पिरेशन पाया गया, जिससे सांस लेने में बाधा उत्पन्न हुई। इसके अतिरिक्त हाथों एवं नाखूनों में नीलापन, तिल्ली का बढ़ना तथा फेफड़ों में कंजेशन जैसे लक्षण पाए गए हैं, जो अन्य चिकित्सकीय कारणों की ओर संकेत करते हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि मृत्यु का कारण श्वासनली में एस्पिरेशन एवं अन्य स्वास्थ्य जटिलताएं हैं, न कि डीपीटी टीकाकरण।

# दो लाख का गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम परसकोल में बसना पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से दो लाख से ज्यादा का गांजा बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवचना में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि परसकोल चौक में वाहन चेकिंग के एक नीला रंग का बजाज प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 4909 में दो व्यक्ति सवार होकर बीच में कुछ सामान रखे आते दिखे। जिन्हें रोकना का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने हड़बड़ाकर कर मोटर सायकल को मोड़ने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने रोका और चालक को पुलिस को देख कर हड़बड़ाने का कारण पूछने पर सीट के उपर बीच में रखे थैले में गांजा होना बताया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम संजय विशाल पिता गुरुवचन विशाल (22 साल) चारभांठा थाना सांकरा जिला महासमुंद एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सुरेंद्र कुमार गडतिया पिता कीर्तन गड़तिया (32 साल) पझरापाली थाना बसना जिला महासमुंद होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 4.070 किलोग्राम गांजा, कीमत 2, 03500 रुपए, बाइक कीमत 70, 000 रुपए, मोबाइल कुल 2, 83, 500 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## अपार आईडी की प्रगति धीमी, 4 बीईओ बीआरसी को बताना होगा कारण

**महासमुंद।** जिले के स्कूली छात्रों के अपार आईडी तैयार किए जाने के मामले में लापरवाही बरते जाने के मामले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक विकासखंड बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली को स्पष्टीकरण पेश करने कहा है। समय-सीमा में संबंधित अधिकारियों द्वारा संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही गई है। बता दें कि कलेक्टर विनय लंगेह द्वारा समय सीमा की बैठक में प्रति सप्ताह अपार आईडी प्रगति की समीक्षा की जा रही है। जिसके अंतर्गत स्कूलों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाया जाना है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि शासन के इस महत्वपूर्ण कार्य को विकासखंड अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक नहीं लिया जा रहा है एवं संतोषप्रद प्रगति नहीं हो होने के कारण छात्रों के अपार आईडी नही बन पाए हैं।

### अब भी जिले के 17 फीसदी छात्र अपार आईडी से वंचित

जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने बताया कि वर्तमान में जिले के विद्यालयों में कुल 2, 16, 167 विद्यार्थी दर्ज है, जिनमें से 1, 80, 318 विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाया गया है, जो 83.42 प्रतिशत है। शेष 35, 849 विद्यार्थियों का अपार आईडी नहीं बना है। महासमुंद विकासखंड के 57590 में से 52143 (90.54%) का अपार आईडी बना है तथा 5447 शेष है, इसी प्रकार विकासखंड बागबाहरा में 41836 में से 34374 (82.16%) बना है तथा 7462 शेष है, विकासखंड पिथौरा के 45707 में से 37689 (82.46%) है तथा 8018 शेष है, बसना के 34874 में से 27870 (79.92%) बना है तथा 7004 शेष है एवं विकासखंड सरायपाली के 36160 में से 28242 (78.10%) बना है तथा 7918 विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाया जाना शेष है।

### अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, 11 वाहन जब्त

**महासमुंद।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन में संलिप्त कुल 11 वाहनों को जब्त किया है। खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश ने बताया कि 13 मार्च को अवैध परिवहन के मामले में फर्शी पत्थर खनिज से भरे 02 आईचर वाहन तथा चूना पत्थर से भरा 01 हाईवा वाहन जब्त किया गया। इसी तरह 16 मार्च को अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मुरूम खनिज के अवैध उत्खनन में लगे 02 जेसीबी लोडर तथा 06 हाईवा वाहन जब्त किए गए। इस प्रकार कुल 11 वाहन अवैध उत्खनन एवं परिवहन कार्य में संलिप्त पाए जाने पर जप्त किए गए हैं। सभी जप्त वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से थाना तुमगांव एवं महासमुंद की अभिरक्षा में रखा गया है। उन्होंने बताया कि जप्त सभी वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### पेंशनरों का धरना प्रदर्शन 20 को

**नगरी।** पेंशनरों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 20 मार्च शुक्रवार को दोपहर 1 बजे रावणभाटा मैदान में किया जाएगा। शाम 4 बजे मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष आरएल देव तहसील कार्यालय शाखा नगरी ने दी।

### छात्रा ने जहर सेवन कर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से 12वीं कक्षा की छात्रा ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनीखुर्द निवासी दीपिका पटेल पिता रविंद्र उम्र 17 वर्ष ग्राम मंदरौद स्कूल में कक्षा 12वीं की छात्रा थी। रविवार की रात्रि भोजन करने के बाद सभी लोग सो गए। इसी बीच देर रात्रि पिता लघुशंका के लिए बाथरुम की तरफ गया। जहां पर दीपिका बेहोश पड़ी मिली। रविंद्र ने तत्काल परिजनों को घटना की जानकारी दी। रात्रि में ही छात्रा को उपचार के लिए कुरुद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार को रिफर करने पर छात्रा को जिला अस्पताल लाया गया। जहां से रिफर कराकर छात्रा को गंभीर हालत में मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार की रात्रि छात्रा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। छात्रा द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### टेंट में करंट से कर्मचारी झुलसा

**नगरी।** ग्राम सांकरा स्थित नंदी चौक में नंदी भगवान की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान एक हादसा हो गया। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए टेंट में अचानक विद्युत प्रवाह होने से वहां कार्यरत एक कर्मचारी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेंट में कार्य कर रहे हेमंत ध्रुव को अचानक करंट लग गया।



# अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान में आरएसएस के स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली सितली नाला को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) महासमुंद के स्वयंसेवकों ने भागीदारी निभाते हुए सितली नाला क्षेत्र की स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने एनीकट और उसके आसपास जमा कचरे, झाड़ियों और मलबे की सफाई की। श्रमदान के साथ-साथ समिति के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपील जारी की, लोगों से आग्रह किया गया कि वे श्मशान घाट के पीछे राख और अन्य सामग्री को सीधे जलधारा में न बहाएं। समिति ने सुझाव दिया कि केवल एक मुट्ठी राख को सांकेतिक रूप से प्रवाहित करें और शेष राख को खेतों में खाद के रूप में उपयोग करें। इससे न केवल नाले का प्रदूषण कम होगा, बल्कि राख के पोषक तत्वों से खेतों की उपज में भी वृद्धि होगी। समिति के सदस्यों ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि यह अभियान केवल कुछ लोगों का नहीं, बल्कि पूरे नगर का है। सितली नाला हमारी धरोहर है। इसे स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

हम सभी नगरवासियों का आह्वान करते हैं कि वे इस अभियान से जुड़ें और तन-मन-धन से सहयोग कर अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान को सफल बनाने में योगदान दें। इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिक, पर्यावरण प्रेमी और बड़ी संख्या में युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

# धान उठाव के कार्य में तेजी लाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर लंगेह ने बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में धान उठाव के कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 15 हजार क्विंटल धान का उठाव सुनिश्चित करें तथा धान का उठाव 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। वर्तमान में 1.48 लाख मीट्रिक टन धान उठाव के लिए शेष है। कलेक्टर लंगेह ने जिले में कुपोषण को समाप्त करने के लिए अधिकारियों को कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार की दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए हैं तथा चिन्हांकित कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें पोषित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा कलेक्टर ने पोस्टमास्टर को आवश्यक समन्वय कर आंगनवाड़ी के बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने टेक होम राशन अंतर्गत शत प्रतिशत बच्चों, गर्भवती और शिशुवती माताओं को वितरण के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने सभी छात्रों के अपार कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वय वंदन योजना तथा आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग को लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने निर्देश दिए है कि सभी अधिकारी-कर्मचारी मंगलवार और बुधवार को अनिवार्य रूप से कार्यालय में रहें तथा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे समय पर कार्यालय पहुंचे तथा आधार बेस्ड उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। ई-ऑफिस प्रणाली में नियमित पत्राचार करते हुए इसे व्यववहार में प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत सर्वे के लिए पोर्टल पर पात्र हितग्राहियों का सर्वे समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को मनरेगा के तहत अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मानव दिवस बढ़ाने के निर्देश दिए है। वर्तमान में 545 पंचायतों में 45 हजार मजदूर कार्य पर लगे हैं। साथ ही गांव-गांव में कचरा संग्रहण की शुरुआत करने के निर्देश दिए। विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे बसे गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नगरीय निकायों के सीएमओ को नियमित साफ-सफाई एवं कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत सभी संकेतकों को पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया तथा ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में 6 में से 5 संकेतांक पूर्ण हो गए हैं। कलेक्टर ने जल संचयन भागीदारी 2.0 योजनांतर्गत शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों में सोख्ता गड्ढा सहित जल संचयन के लिए विशेष पहल करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा अंतर्गत जल संचयन के कार्य को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य विभागों से संबंधित पत्रों एवं लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# चावल घोटाले के आरोपियों के विरूद्ध दर्ज हो एफआईआर : पंकज



**महासमुंद।** नागरिक कल्याण समिति के सदस्य व पूर्व पार्षद पंकज साहू ने शहर के तीन राशन दुकानों में हुए चावल घोटाले के आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर तत्काल चावल गबन की राशि वसूली करने की मांग शासन-प्रशासन से की है। साहू ने बताया कि शहर में महिला स्व-सहायता समितियों द्वारा संचालित 3 राशन दुकानों में बड़ी मात्रा में चावल घोटाला की पुष्टि जांच में हुई है। पूर्व में संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त संरक्षण संचालनालय नया रायपुर छग तथा कलेक्टर महासमुंद, खाद्य अधिकारी महासमुंद को पत्र प्रेषित कर इन राशन दुकानों में हुए भ्रष्टाचार, चावल की अनियमितता की उचित जांच कर सख्त कार्रवाई, गबन की गई चावल की वसूली तथा अनियमितता में लिप्त लोगों के विरूद्ध एफआईआर की मांग थी कि उत्कल महिला बचत एवं साख समिति महासमुंद दुकान आईडी क्रमांक 581001017 व मां महामाया प्राथमिक उपभोक्ता भंडार समिति आईडी क्रमांक 581001013 तथा गौरा गौरी खाद्य सुरक्षा पोषण उपभोक्ता सह. समिति आई.डी. क्रमांक 581001021 के संचालकों द्वारा 1 करोड़ रुपए की शासकीय पीडीएस चावल की अनियमितता करते हुए राशि के गबन के बाद तीनों दुकानों की भौतिक जांच की गई और शिकायत को सहीं पाया गया। तीनों दुकानों का निलंबन आदेश 12 मार्च 2026 को जारी किया गया है। जांच में गबन सिद्ध होने पश्चात इन दुकानों के आईडी निरस्त कर दुकान निलंबन की कार्रवाई की गई।

### घोटाले की राशि की वसूली की मांग

पूर्व पार्षद पंकज साहू ने लगभग एक करोड़ रु. के चावल घोटाले में प्रशासन द्वारा की गई निलंबन की कार्रवाई को नाकाफी बताते हुए गरीबों के हक के लाखों का चावल डकारने वाले भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होनें कहा है कि लिप्त लोगों के विरूद्ध थाने में अपराध दर्ज कर घोटाले की चावल की राशि वसूल कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार का कृत्य करने से पहले ऐसे भ्रष्टाचारियों पर लगाम लगे।

# शासन से नाराज कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन 18 को 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

**महासमुंद।** लंबित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा मुख्यमंत्री छग शासन एवं मुख्य सचिव छग शासन के नाम आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि प्रदेश के लगभग 4 लाख कर्मचारी अधिकारी विगत वर्ष से अपनी प्रमुख 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया जाता रहा है।

उन्होंने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 16 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इसी प्रकार 22 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं 29, 30 एवं 31 दिसंबर को तीन दिवसीय निश्चितकालीन आंदोलन किया गया। खेद का विषय रहा है कि आज पर्यंत मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारी अधिकारियों के जायज मांगों को पूरी नहीं की गई है। जिससे प्रदेश के कर्मचारियों में सरकार के प्रति घोर आक्रोश व्याप्त है।

महामंत्री दिलीप तिवारी ने बताया कि फेडरेशन की मांगों में प्रमुख रुप से मोदी की गारंटी के तहत वर्ष जुलाई 2016 से लंबित डी.ए. एरियर्स जीपी एफ खाते में समायोजित की जावे। चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान दी जाए। मप्र की तर्ज पर अवकाश नगदीकरण 300 दिन की जाए। प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों सहित अन्य कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने के लिए गठित पिंगुवा कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। प्रदेश के शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त लाभ दी जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान की जाए। अनुकंपा नियुक्ति हेतु 10 प्रतिशत की सीलिंग समाप्त की जाए। प्रदेश के पंचायत सचिवों का शासकीयकरण तता नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्घ पदोन्नति दी जाए। सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष एवं कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी अनियमित संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण दी जाए एवं सेवानिवृत्ति उपरान्त संविदा नियुक्ति तत्काल बंद की जाए। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की ओर से अरुण कुमार प्रधान, प्रमोद तिवारी, मनीष ठाकुर, चमन चंद्राकर, सिराज बक्स, ईश्वर चंद्राकर, राकेश थावईत, ओमनारायण शर्मा, संदीप तिवारी, चिंताराम साहू, राजेश शर्मा, कमल यादव, एमएल ध्रुव, कमलेश ध्रुव, उमेश भारती गोस्वामी, उमेश साहू, बीपी मेश्राम, मिलाप यादव, तृप्ति साहू, मनीष श्रीवास्तव सहित पदाधिकारियों ने अपील की है कि 18 मार्च बुधवार को दोपहर 1 बजे डाइट महासमुंद के पास एकत्रित होकर भोजनावकाश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन में सम्मिलित हो। उक्त जानकारी संदीप तिवारी ने दी है।

# किसान कमल के ग्राफ्टेड बैंगन की मांग ओडिशा तक

## ग्राफ्टेड बैंगन से खिला कमल का चेहरा, एक एकड़ में साढ़े तीन लाख रुपए तक आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कहते हैं कि अगर सोच नई हो और तरीका सही, तो खेती सिर्फ गुज़ारा नहीं बल्कि समृद्धि का रास्ता बन जाती है। ऐसा ही कर दिखाया है विकासखंड बसना के ग्राम बंसुलीडीह के प्रगतिशील किसान श्री कमल पटेल ने। पारंपरिक खेती से सीमित आय पाने वाले कमल ने जब आधुनिक तकनीक और उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का मदद मिला तो उनकी मेहनत ने उन्हें लाखों की कमाई तक पहुंचा दिया।

पहले कमल पटेल अपनी जमीन पर पारंपरिक रूप से धान की खेती करते थे, जिससे प्रति एकड़ लगभग 15 से 17 क्विंटल उत्पादन मिलता था और आय सीमित रहती थी। लेकिन बदलाव की सोच के साथ उन्होंने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत ग्राफ्टेड बैंगन की खेती अपनाई। उन्होंने अपनी कुल 0.40 हेक्टेयर भूमि में उद्यानिकी फसल का उत्पादन शुरू किया, जिसमें पूरी भूमि सिंचित है। आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाते हुए उन्होंने अपने खेत में ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक का उपयोग किया। इन तकनीकों के प्रयोग से पानी की बचत और फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में भी वृद्धि हुई।

पटेल बताते है कि वे पहले अपनी भूमि में पारंपरिक रूप से धान की खेती करते थे, जिसमें लगभग 21 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त होता था और आय भी सीमित थी। बाद में उन्होंने शासन के उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती शुरू की। आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के कारण उन्हें लगभग 50 टन तक उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसे उन्होंने सरायपाली और ओडिशा के बाजारों में बिक्री किया। बैंगन का औसत विक्रय मूल्य लगभग 12 रुपए प्रति किलोग्राम प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें अच्छी आय हुई। इस खेती में प्रति एकड़ लगभग 1,30,000 रुपए की इनपुट लागत, 50,000 रुपए श्रमिक लागत तथा लगभग 20,000 रुपए अन्य खर्च आया। सभी खर्चों को निकालने के बाद कमल पटेल को लगभग 3,50,000 रुपए की कुल बचत प्राप्त हुई। इस प्रकार पारंपरिक खेती की तुलना में उनकी आय में कई गुना वृद्धि हुई। उद्यानिकी खेती से उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे उनके सामाजिक स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आया है। वे निरंतर नई कृषि तकनीकों को अपनाने तथा उन्नत पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करने के लिए उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के संपर्क में रहते हैं और विभाग की योजनाओं का लाभ लेते रहते हैं।

# गांधी मंदिर उपेक्षा का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

गंगरेल बांध के अंतिम छोर पर जंगलों के बीच स्थित गांधी मंदिर उपेक्षा का शिकार हो गया है। मंदिर समिति ने गांधी मंदिर को गंगरेल पर्यटन में शामिल कर विकसित करने की मांग की है। गांधी मंदिर समिति के अध्यक्ष शिवराम साहू, सचिव कामता साहू, सदस्य बबला देवांगन, किसन राम साहू, धनीराम ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि गंगरेल बांध के अंतिम छोर में स्थित गांधी मंदिर सन 1910 से संचालित हो रहा है। चारों ओर जंगल और पानी से घिरे होने के कारण दर्शनीय एवं पर्यटन स्थल के रूप में इसकी पहचान है। दूर-दूर से लोग गांधी मंदिर के दर्शन तथा पर्यटन के लिए पहुंचते हैं। गांधी मंदिर छटियारा में सुविधा की कमी होने से यहां आने वाले पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांधी मंदिर पहुंचने के लिए सड़क की सुविधा नहीं है।

## कंडेल, भोथली क्षेत्र के खेतों में भरा पानी, पूरे जिले में किसान प्रभावित

# बेमौसम बारिश में धुली किसानों की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों को बुरी तरह से धो डाला है। कंडेल, भोथली, पीपरछेड़ी सहित कई गांवों में चने के खेतों में पानी भर गया है। किसानों की पूरी फसल तबाह हो गई है। किसानों ने शासन से मुआवजे की मांग की है।

सोमवार को अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान पर बादल घिर आए और शाम साढ़े पांच बजे मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि भी हुई। कहीं पर तो डेढ़ से दो इंच साइज के ओले गिरे। हवा, तूफान, बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला करीब आठ बजे तक चलता रहा। उल्लेखनीय है कि इस साल बड़ी संख्या में किसानों ने चने की फसल लगाई है। इस बारिश से चने की फसल को काफी नुकसान हुआ है। कंडेल सहित कई गांवों में फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। सिर्फ कंडेल में ही 100 एकड़ से ज्यादा चने की फसल पूरी तरह से खराब हो गई है। किसान चाहकर भी फसल नहीं बचा सके। किसानों ने शासन से मुआवजा और फसल बीमा का लाभ देने की मांग की है।

### फसल की क्वालिटी खराब

इस मौसम से चना लगाने वाले हर किसान को नुकसान हुआ है। जिन किसानों ने खेतों में करपा रखा हुआ है, उनकी फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। पानी से करपा भीग गया है। वहीं चने की खरही में भी पानी घुस गया है। इससे फसल की क्वालिटी खराब होने का खतरा है। ओलावृष्टि से खड़ी फसल को भी काफी नुकसान हुआ है। ओले की मार से चने खेतों में ही झड़ गए हैं।



**पानी में डूब गई फसल**

कंडेल के किसान यतीशभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि कंडेल क्षेत्र में मूसलाधार बारिश और जमकर ओलावृष्टि हुई है। इससे खेतों में पानी भर गया है। कई किसान चने की कटाई कर खेतों में रखे हैं। उनकी फसल पूरी तरह से पानी में डूबी हुई है। अभी भी मौसम में उतार चढ़ाव का दौर चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस बारिश से चना लगाने वाले हर किसान को नुकसान हुआ है। उन्होंने शासन से राहत की मांग की है।


# कावेरी सीड्स के एजेंट पर गबन का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

- दर्जनभर किसानों ने 5 .55 लाख रुपए दिलाने की मांग

ओपी कावेरी सीड्स के एजेंट पर लाखों रुपए गबन करने का मामला फिर कलेक्टर दरबार पहुंचा है। पीड़ित किसानों ने एजेंट से 5.55 लाख रुपए दिलाने की गुहार कलेक्टर से लगाई है। ग्राम भेंडरवानी, बगदेही के 11 किसानों ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि सन 2020-21 में ग्राम मड़ईभाठा के ओपी कावेरी सीड्स के एजेंट से बीज उत्पादन के लिए सरना, 28, 64 नाम धान का बीज खरीदा गया। उस बीज से फसल उत्पादन के बाद एजेंट ने उनकी फसल को ले गया जिसकी राशि 5,55,390 रुपये अप्राप्त है। एजेंट ने कंपनी से सांठगांठ कर कृषकों की उपज की राशि नहीं दी। एजेंट से फसल का पैसा मांगने पर कंपनी से राशि प्राप्त नहीं होना बताया जाता है। एजेंट उन्हें गुमराह करते आ रहा है। इससे पीड़ित किसान आर्थिक रूप से लाचार हो चुके हैं। किसान नरेशकुमार साहू, गौतमराम, सुकृतदास, महेशकुमार, परदेशी, रविशंकर साहू, रामभरोसा, मुकेशकुमार, प्यारेलाल, सुरेश, दिनेश ने कलेक्टर से फसल की राशि शीघ्र दिलवाने की मांग की है।




## खबर संक्षेप

### देवेन्द्र चन्द्रनाहू शिक्षण समिति के संचालक निर्वाचित



**महासमुंद।** शहर के बागबाहरा रोड स्थित सीपीएस स्कूल परिसर में चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के द्वारा संचालित चंद्रनाहू शिक्षण समिति के चुनाव में संचालक पद के लिए 17 के साथ अध्यक्ष और सचिव के लिए 14 मार्च को नामांकन और 15 मार्च को चुनाव शिक्षण समिति द्वारा कराया गया। जिसमें शिक्षण सिमिति के संचालक पद में देवेंद्र चंद्राकर ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप मे अपना नामांकन दाखिल किया और टॉप 17वां के 12 नंबर पर 342 मत प्राप्त कर स्थान हासिल किया। उक्त निर्वाचन में शिक्षण समिति के अध्यक्ष के रूप में राहुल चंद्राकर एवं सचिव पद पर कमलेश चंद्राकर ने विजय होकर पुनः निर्वाचित हुए।

### अफीम की खेती करने वालों का पता बताने वाले को 51 हजार का इनाम



**महासमुंद।** काँग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने कहा कि जिस प्रकार से देश और प्रदेश में बिगड़ते माहौल सूखे नशे से देश और प्रदेश के युवाओं की नस्ल व भविष्य खराब करने का कुचक्र भाजपा द्वारा रचा जा रहा है। इसी कड़ी में समोदा और बलरामपुर में भाजपाइयों द्वारा अफीम उगाने के मामला प्रकाश में आया है। अंकित ने विधानसभा घेराव में शामिल होने पश्चात घोषणा की कि जिले में अगर कहीं भी अफीम की खेती हो रही है और इसकी जानकारी मय सबूत कोई उपलब्ध करवाता है तो उसका नाम गुप्त रखा जाएगा और उसे 51 हजार की राशि भी पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी।

### देसी मसाला शराब जब्त

**महासमुंद।** हाड़ाबंद ओवरब्रिज के पास खल्लारी पुलिस ने एक युवक के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी संजय विश्वकर्मा पिता अनंद राम विश्वकर्मा (21 वर्ष) निवासी हाड़ाबंद थाना खल्लारी के कब्जे से 20 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### आज कर्मचारी-अधिकारी करेंगे जंगी प्रदर्शन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 18 मार्च को प्रदेशभर के कर्मचारी एवं अधिकारी जिला व ब्लॉक मुख्यालयों में भोजन अवकाश के दौरान जंगी प्रदर्शन करेंगे। जिला संयोजक चन्दूलाल चन्द्राकर ने बताया कि लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रमुख मांगों में जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित करने, 8, 16, 24 और 32 वर्ष में चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने तथा अर्जित अवकाश नगदीकरण को 300 दिवस करने की मांग शामिल है। विभिन्न विभागों में वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ देने और सहायक शिक्षकों सहित अन्य संवर्गों को समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी उठाई गई है।

**स्वास्थ्य :** जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह मार्च-अप्रैल 2026 का शुभारंभ

# बच्चे को विटामिन ए की दवा पिला कर किया शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह मार्च-अप्रैल 2026 का शुभारंभ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बच्चों को विटामिन ए की दवा पिला कर किया गया। शिशु संरक्षण माह शुभारंभ अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू, सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं बच्चों के पालकगण मौजूद है।

इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण, एनीमिया तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम करना है, ताकि बच्चों का समुचित शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या स्वास्थ्य केंद्र में अवश्य लेकर आएं, ताकि बच्चों को विटामिन-ए एवं आयरन की खुराक देकर उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। कलेक्टर ने स्वास्थ्य




एक लाख 10 हजार से अधिक बच्चों को विटामिन-ए सिरप एवं एक लाख 4 हजार से अधिक बच्चों को आयरन एवं फोलिक एसिड सिरप वितरण का लक्ष्य

विभाग, महिला बाल विकास तथा अन्य संबंधित विभागों को समन्वय के साथ अभियान का संचालन के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान 9 माह से 59 माह तक के एक लाख 10 हजार 493 बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाया जाएगा तथा 6 माह से 59 माह तक के एक लाख 4 हजार 355 बच्चों को आयरन एवं फोलिक एसिड सिरप वितरित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को विशेष स्वास्थ्य सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ पोषण संबंधी सेवाएं भी प्रदान की जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से गांव-गांव में जागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक बच्चों तक इस अभियान का लाभ पहुंचाया जा सके। अभियान के दौरान बच्चों का वजन एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा, एनीमिया की जांच की जाएगी तथा अभिभावकों को पोषण और स्तनपान संबंधी परामर्श भी दिया जाएगा। इसके अलावा गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें उपचार के लिए आवश्यकतानुसार रेफर भी किया जाएगा, ताकि समय पर उनका समुचित इलाज सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि विटामिन-ए बच्चों की आंखों की रोशनी को सुरक्षित रखने में सहायक होता है तथा रतौंधी से बचाव करता है। इसके साथ ही यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, जिससे वे संक्रमण से बेहतर तरीके से लड़ पाते हैं और उनकी शारीरिक वृद्धि एवं विकास भी बेहतर होता है।

# नरेगा से जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता देते हुए ग्राम पंचायतों में मांग के आधार पर श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंडों में इन कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

जिला महासमुंद के विकासखंड बसना में मिशन जल संरक्षण के अंतर्गत कंटूर ट्रेंच, सतत कंटूर ट्रेंच, जल अवशोषण खंती, गेबियन संरचना, डाइक निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कुआं निर्माण, निजी आजीविका डबरी, कच्ची नाली, नया तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, डिफंक्ट बोरवेल रिचार्ज तथा नाला डिसिल्टिंग के 7493 कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

इसी प्रकार जनपद पंचायत बागबाहरा, महासमुन्द, पिथौरा एवं सरायपाली में जल संरक्षण से जुड़े 37,640 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने पर जिले में लगभग 60 करोड़ लीटर जल संरक्षण एवं संवर्धन होगा। इसके अलावा जिले में 1016 आजीविका डबरी निर्माण कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे लगभग 23 करोड़ लीटर जल संरक्षण एवं संवर्धन हो सकेगा। निर्मित आजीविका डबरियों से हितग्राहियों को आजीविका



संवर्धन से जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करने के निर्देश भी सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए गए हैं। इन सभी कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जा सके और ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध हो सके।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं, 70 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 4 वर्षीय नन्हा रियांश अब सुन सकेगा, कलेक्टर ने स्पीच थेरेपी के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित

जिलेभर से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से कलेक्टर विनय लंगेह ने आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में सुना और संबंधित अधिकारियों को सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान 4 वर्षीय रियांश साहू (महासमुंद) के परिजनों ने बच्चे के श्रवण एवं स्पीच थेरेपी हेतु सहायता का आवेदन प्रस्तुत किया। बताया गया कि रियांश को सुनने में समस्या है तथा 3 वर्ष पूर्व मेकाहारा में उसका ऑपरेशन भी हो चुका है। इस पर कलेक्टर लंगेह ने स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक जांच एवं समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार दिव्यांग पूनम पटेल द्वारा मानस मंडली में पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह महासमुंद निवासी सुभद्रा बाई ने झुग्गी झोपड़ी का पट्टा दिलाने हेतु, ग्राम बेलर निवासी हेमलाल ध्रुव ने सड़क निर्माण हेतु, महासमुंद निवासी हेमंत चंद्राकर एवं ग्राम मुनगासेर निवासी राधेश्याम बंजारा ने अतिक्रमण हटाने, ग्राम बिरकोनी निवासी जामनी बाई ने राशन कार्ड बनवाने, ग्राम बड़े टेमरी सांकरा निवासी श्यामलाल भोई ने वन अधिकार पट्टा दिलाने, पिथौरा निवासी सुरेंद्र बरिहा ने मत्स्य पालन हेतु अनुमति के लिए, ग्राम खरोरा निवासी श्यामलाल नौरंगे ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए एवं ग्राम सोनासिल्ली के ग्रामवासियों ने राजस्व ग्राम घोषित करने हेतु आवेदन किया। कलेक्टर लंगेह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें तथा आवेदकों को समय पर राहत प्रदान करें।



मनकी में हर घर जल योजना से ग्रामीणों की जिंदगी में आई बदलाव

# घर में ही पेयजल उपलब्ध होने से समय और श्रम की बचत हो रही है: सूतरा बाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विकासखंड सरायपाली अंतर्गत ग्राम मनकी में जल जीवन मिशन- हर घर जल योजना के माध्यम से गांव के लोगों को अब घर-घर स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जिससे ग्रामीणों के जीवन में अधिक बदलाव आई है।

पूर्व में ग्राम मनकी के ग्रामीणों को पेयजल के लिए हैंडपंप और अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार पानी की कमी या हैंडपंप खराब होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। विशेषकर महिलाओं को दूर-दूर तक पानी लाने में समय और श्रम दोनों अधिक लगते थे।

गांव में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगभग 63.33 लाख रुपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण कराया गया तथा करीब 2468 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई। इसके माध्यम से वर्तमान में ग्राम के 131 घरों में नल



कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। गांव में पहले से उपलब्ध 8 हैंडपंप भी हैं, लेकिन अब नल के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति होने के कारण पावर पंप की आवश्यकता नहीं रह गई है।

ग्राम पंचायत के सरपंच मोहित रौतिया के नेतृत्व में इस योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया। प्रशासन और ग्रामीणों के सहयोग से गांव में जल आपूर्ति व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया गया। ग्राम मनकी ने आधिकारिक रूप से हर घर जल की उपलब्धि भी प्राप्त कर ली है। इसके साथ ही गांव के प्रत्येक घर में नल के माध्यम से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की नियमित आपूर्ति हो रही है। ग्राम की निवासी सूतरा बाई बताती हैं कि पहले उन्हें पानी लाने के लिए काफी दूर जाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों अधिक लगता था। अब घर में ही नल कनेक्शन होने से उन्हें आसानी से स्वच्छ पानी मिल जाता है। इससे उनका समय बचता है और दैनिक जीवन भी काफी सरल हो गया है। इस तरह जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम मनकी में पेयजल की समस्या का समाधान होने के साथ ही ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक सुधार आया है।

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गार्डन में तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन उत्साह, अनुशासन एवं जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक हुआ। शिविर का शुभारंभ बड़ी संख्या में योग साधकों एवं स्थानीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। तीनों दिनों तक प्रातःकालीन वातावरण योगमय बना रहा, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर के तृतीय एवं समापन दिवस पर प्रतिभागियों को योग की बारीकियों, सही विधि एवं उसके दीर्घकालिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मंडूकासन, योग मुद्रासन, वक्रासन एवं गोमुखासन सहित अनेक प्रभावी योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि ये योगासन शुगर, उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), माइग्रेन, साइटिका, मोटापा, साइनस, थायराइड, किडनी एवं लीवर संबंधी रोगों में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाते हैं। शिविर के दौरान साधकों एवं साधिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए योग के प्रति अपनी आस्था और विश्वास व्यक्त किया। एक साधिका ने बताया कि उनके बच्चे नियमित योग करने के बाद समय पर उठने लगे हैं तथा उनकी एकाग्रता, मानसिक विकास एवं अनुशासन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पहले वे मोबाइल गेम्स में अधिक समय व्यतीत करते थे, किंतु अब उनमें सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

वर्तमान समय में बच्चों में बढ़ती मोबाइल निर्भरता पर चिंता व्यक्त करते हुए योग प्रशिक्षकों ने बताया कि योगाभ्यास से बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे वे मोबाइल की लत से दूर होकर अपने जीवन को अधिक संतुलित एवं उद्देश्यपूर्ण बना सकते हैं। एक अन्य साधिका ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें लंबे समय से माइग्रेन एवं श्वास संबंधी समस्या थी, लेकिन केवल तीन दिनों के नियमित योग अभ्यास से उन्हें राहत मिलनी शुरू हो गई है तथा अब उनकी समस्या में निरंतर सुधार हो रहा है।



भारत स्वाभिमान न्यास के जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें पूर्व में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता था, किन्तु नियमित योगाभ्यास एवं संतुलित आहार अपनाने से उनकी सेहत में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और अब वे स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

शिविर में उपस्थित सभी साधकों एवं साधिकाओं ने एक स्वर में आग्रह किया कि इस प्रकार के योग शिविर निरंतर आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का लाभ प्राप्त कर सकें। उनके विशेष आग्रह को ध्यान में रखते हुए इस शिविर को अब नियमित योग कक्षा के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया गया। अब हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के गार्डन में प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक नियमित योग कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिसमें पतंजलि के प्रशिक्षित योग शिक्षक-शिक्षिकाएं समयानुसार उपस्थित रहकर सभी को नियमित योगाभ्यास कराएंगे। इस पहल से न केवल कॉलोनी बल्कि पूरे नगर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। समापन अवसर पर रिया पटेल, हनुमांजलि पटेल, हेमलता कोसरे, ईश्वरी सिंह, भावना चंद्राकर, चंद्रकला साहू, दुबे कुमार पटेल, आयुष पटेल, अंजलि पटेल, सुमति साहू, जया साहू, सुमन यादव, सीमा सगरवंशी सहित अनेक साधक-साधिकाएं उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला पतंजलि प्रभारी सुमति साहू, महिला पतंजलि महामंत्री पूनम पटले तथा भारत स्वाभिमान न्यास के जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले आदि मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ में बड़ा फैसला: छुट्टियों में भी खुले रहेंगे रजिस्ट्री कार्यालय मार्च के आखिरी दिनों में जमीन खरीदी-बिक्री को मिली रफ्तार

**महासमुंद/पिथौरा (ग्रामीण)।** छत्तीसगढ़ शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन से पहले राजस्व संग्रह को बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ा निर्णय लिया है। अब राज्य में अवकाश के दिनों शनिवार और रविवार सहित रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे और जमीन खरीदी-बिक्री की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। इस संबंध में महानिरीक्षक पंजीयन, रायपुर द्वारा 17 मार्च को आदेश जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पंजीयन विभाग राज्य शासन के राजस्व का एक प्रमुख स्तंभ है और हर वर्ष मार्च माह में सबसे अधिक जमीनों की रजिस्ट्री होती है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में कुछ ही दिन शेष रहने के कारण इस अवधि का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष व्यवस्था लागू की गई है। निर्देशानुसार 22 मार्च रविवार, 28 मार्च शनिवार, 29 मार्च रविवार एवं 31 मार्च महावीर जयंती जैसे अवकाश के दिनों में भी सभी पंजीयन कार्यालय नियमित दिनों की तरह कार्य करेंगे। इन दिनों जमीन खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेजों का पंजीयन, नामांतरण से जुड़े कार्य और अन्य प्रक्रियाएं बिना किसी बाधा के संपन्न की जाएंगी। सरकार के इस फैसले से उन लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, जो समयाभाव या छुट्टियों के कारण रजिस्ट्री नहीं करा पा रहे थे। अब उन्हें अतिरिक्त समय मिलेगा, जिससे वे अपनी जमीन से जुड़े कार्य आसानी से पूरा कर सकेंगे। वहीं रियल एस्टेट क्षेत्र में भी इससे गतिविधियां तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है। गौरतलब है कि मार्च के अंतिम दिनों में रजिस्ट्री कराने की होड़ रहती है, क्योंकि कई लोग टैक्स प्लानिंग, निवेश और अन्य कारणों से इस समय संपत्ति का पंजीयन कराते हैं। ऐसे में अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुलने से पंजीयन की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इस निर्णय से जहां एक ओर आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार को राजस्व में अच्छी बढ़ोतरी की उम्मीद है। पंजीयन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित तिथियों में पूरी जिम्मेदारी और सक्रियता के साथ कार्य सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी आवेदक को असुविधा न हो।



## खबर संक्षेप



### पांच दिवसीय अखंड रामायण 27 मार्च से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में रामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए, पंचम पुरस्कार 2001 रुपए दिए जाएंगे। प्रत्येक मानस मंडली को 1100 रुपए दिया जाएगा।

### कृषक उन्नति योजना से फसल विविधता को मिल रहा बढ़ावाः निधि



**महासमुंद।** जिले में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से संचालित कृषक उन्नति योजना के सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। किसानों को प्रति एकड़ 11,000 तक की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, वहीं अन्य फसलों के लिए 10,000 प्रति एकड़ आदान सहायता भी दी जा रही है। निधि लोकेश ने कहा कि फसल विविधता से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि भूमि की उर्वरता भी बनी रहेगी और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### राष्ट्रीय मछुआरा संघ के तरूण बने विस अध्यक्ष



**महासमुंद।** राष्ट्रीय मछुआरा संघ के प्रदेश अध्यक्ष गायत्री गायग्वाल के अनुशंसा पर महासचिव ओमप्रकाश धीवर ने अधिवक्ता तरूण जलक्षत्री को महासमुंद विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र के साथ उन्होंने अपेक्षा की है कि वे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वाह करेंगे। उनकी नियुक्त 14 मार्च से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

### चंडी सिरपुर में जलेंगे आस्था के दीप

**महासमुंद।** जय चंडी दाई सिरपुर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर मनोकामना के अखंड ज्योत प्रज्वलित किए जाएंगे। जिसके लिए गंधेश्वरनाथ महादेव ट्रस्ट सिरपुर द्वारा 651 रुपए की राशि तेल ज्योत के लिए तय की गई है। ट्रस्ट के दाऊलाल चद्राकर ने बताया कि 19 मार्च को अभिजीत मुहूर्त 11.36 से दोपहर 12.24 तक कलश स्थापना एवं पूजन किया जाएगा।

23 को पंचमी, 25 को सप्तमी और अष्टमी 26 मार्च को मनाया जाएगा। अष्टमी के दिन ट्रस्ट कमेटी की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया है। इसके अलावा प्रतिदिन श्रद्धालु भक्तों द्वारा मां चंडी के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था आपसी सहयोग से की जाती है।

## भूमिपूजन : तीन वार्डों में सड़क-नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन

# बागबाहरा नपा में विकास के नए आयाम : खिलेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका परिषद बागबाहरा में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने अधोसंरचना मद से कुल 32.43 लाख रुपये की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भूमिपूजन किया। इनमें वार्ड-08 गुरुनानक वार्ड में में 7.88 लाख की लागत से गौतम तांडी घर से कर्रापारा मेन रोड तक, सामुदायिक भवन से हबीब घर तक, जगजीत सलूजा घर से उषा ठाकुर घर तक तथा महेश घर से केजू घर तक आरसीसी नाली निर्माण शामिल है। वार्ड-09 आंबेडकर वार्ड में 11.91 लाख से पानी टंकी से शंकर घर तक सीसी रोड बनेगा, जबकि वार्ड-15 राजीव गांधी वार्ड में 12.64 लाख की लागत से कमल सहिस घर से दिलीप साहू घर तक सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षद गण सविता दीवान (क्र.01), रमेश ठाकुर (क्र.06), मेनका पोखराज साहू (क्र.08), मिथुन अमीर (क्र.09), थानूराम पांडे (क्र.10), अनीता अजीत तांडी (क्र.15), सीएमओ गिरिश कुमार चंद्रा एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।



इन परियोजनाओं से स्थानीय निवासियों को बेहतर सड़क-सुविधा मिलेगी, जो ग्रामीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि आज का यह भूमिपूजन बागबाहरा के विकास की नई इबारत लिखने का प्रारंभ है। अधोसंरचना मद से वार्ड 08, 09 और 15 में कुल 32.43 लाख की इन परियोजनाओं से न केवल सड़क-नालियों की मजबूती होगी, बल्कि आमजन की दैनिक जीवन यात्रा सरल बनेगी।

# बावनकेरा में महिला दिवस पर हुआ सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम पंचायत बावनकेरा में दिव्य महिला ग्राम संगठन बावनकेरा के द्वारा महिला दिवस पर नारी सशक्तीकरण एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम बावनकेरा के महिला समूह के करीब 35 महिलाएं एवं ग्राम चिरको से सरस्वती मानव, मनीषा यादव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के लाभ, महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक रूप से कैसे आगे आना है, जिससे वह स्वतंत्र रूप से फैसले ले सके और स्वयं को समर्थ बना सके है। इस विषय पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ एकता लंगेह, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, जनपद सभापति धनेश गायकवाड़, सरपंच डॉक्टर गोपाल ध्रुव, उपसरपंच द्रोण चंद्राकर, सचिव चिंतामणि साहू ने उपस्थिति महिलाओं को संबोधित किया। महिला समूह चलाने वाली सभी महिलाओं को सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में बावनकेरा के समस्त पंच के अलावा, महिला समूहों के संगठन की अध्यक्ष जानकी ध्रुव, सचिव तबस्सुम बानो, सक्रिय महिला तुलसी यादव, हिना सिन्हा, लता ध्रुव, मितानिन उर्मिला साहू, राबिया बेगम, दुर्गा जगत, हेमवती यादव, खुशबू भट्ट, सरस्वती देवी आदि उपस्थित रहे।

## मौसम में बदलाव के साथ हुई बारिश

**नर्रा।** सोमवार को क्षेत्र में तेज हवा एवं गरज चमक के साथ बारिश । नर्रा में कुछ देर अच्छी बारिश तो कहीं पर हल्की बूंदाबांदी हुई। वहीं रात में भी बादल छाये रहे। सुबह करीब 10 मिनट तक अच्छी बारिश हुई, जिससे गड्ढों में पानी भर गया। बता दें कि मार्च के महीने में गर्मी तेज हो गई है। क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या से आम जनता परेशान है। लो- वोल्टेज के कारण घर के बल्ब चिमनी की तरह दिखने लगी है, पंखे, कूलर भी ढंग से चल नहीं पा रहे हैं। इधर हजारों एकड़ में साधन संपन्न ट्यूबवेल वाले किसान रबी धान फसल मूंगफली व सब्जी फसल ले रहे है। लो-वोल्टेज के कारण सबमर्सिबल मोटर पंप की धार पतली सी हो गई है। लो वोल्टेज के कारण फसल की सिंचाई को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है वहीं कुछ किसान पहले से यानी जनवरी माह में धान की रोपाई कर लिए थे। कुछ किसानों द्वारा निंदाई की जा रह है। जो किसान पहले रोपाई किए है, उनके रबी धान की बालियां निकलने लगी है। ऐसे में यह बारिश फायदेमंद साबित हो रही है। परसुली के किसान ने बताया कि फसल में कीट प्रकोप होने से अब तक तीन से चार बार दवाई का छिड़काव किया जा चुका है। मौसम की वजह से सब्जी फसलों पर भी कीट प्रकोप का खतरा बढ़ गया है।

# पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू के फागगीत पर झूमे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति चरौदा के प्राधिकृत अध्यक्ष एवं भाजपा जिला सहकारिता प्रकोष्ट के नवनियुक्त जिला संयोजक भुवन लाल साहू के नेतृत्व में चरौदा (बांध) में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पधारे चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद, प्रीतम सिंग दीवान पूर्व विधायक, पिलेश्वर पटेल जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा ने होली मिलन में शामिल होकर किसानों, भाजपा के पदाधिकारियों के साथ मिलकर सभी अतिथियों को गुलाल लगाकर स्वागत किया। सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक भुवन लाल साहू की ओर से आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में नेता कार्यकर्ता एवं किसानों ने फाग गीतों पर जमकर झूमते नजर आए।



पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि ये होली मिलन समारोह का आयोजन के दौरान कार्यकर्ता और पदाधिकारी दोनों एक ही मंच पर मिलें और त्योहार का आनंद लें। उन्होंने कहा कि ये त्योहार सामाजिक समरसता का त्योहार है। इस त्योहार का मजा सबके साथ मिलकर मनाने में ही आता हैं। उन्होंने मुख मुरली बजाए छोटे से श्याम कन्हैया के फाग गीत पर थिरके।

कार्यक्रम में लोकेश पनुरिया मंडल अध्यक्ष भाजपा खल्लारी, नारायण सिंग ठाकुर सरपंच चरौदा, भूषण नामदेव अध्यक्ष हाईस्कूल जनभागीदारी समिति कमरौद, जगदीश तेली पूर्व संचालक मंडल सदस्य, संगीता गुनिधि पटेल सरपंच एमकेबाहरा, तुलसी कुलदीप, कमलनारायण साहू, भेखलाल पटेल, नारद सिन्हा, केवाराम साहू, दुष्यंत साहू, नेमुलाल साहू, लाला खिलेश साहू, कृष्णा सेन, भेखलाल साहू, देव प्रकाश बेहार, बलराम नायक आदि उपस्थित रहे।

# तेंदूकोना में माता कर्मा जयंती पर निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना





साहू समाज तेंदूकोना परिक्षेत्र व ग्राम साहू समाज तेंदूकोना के संयुक्त तत्वावधान में माता कर्मा जयंती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भक्त माता कर्मा के पूजन हवन से शुभारंभ किया गया। फिर सभी मातृशक्ति एक साथ कलश लेकर नगर भ्रमण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चुन्नी लाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद लोकसभा, अध्यक्षता रवि फरोदिया जिला पंचायत सभापति, विशेष अतिथि धनंजय साहू जनपद सदस्य, डॉ सदाराम साहू संरक्षक, तुला राम साहू संरक्षक, राम नारायण साहू अध्यक्ष तेंदुकोना परिक्षेत्र, संजय साहू सचिव, इंदल साहू (भूमि दानदाता), उमाराम साहू, डा शोभा राम साहू, राम नारायण साहू भिखापाली, मया राम साहू भिखापाली, रत्थू लाल साहू, दुलेंद्र साहू, दसरी साहू, जीवनी साहू, भारती मनीराम राम साहू, मालती, तुलसी, पुष्पा, हेमकुमारी, बृजभूषण साहू, गेंद राम साहू, राकेश साहू, सुखराम साहू, भुवन साहू, बंशी साहू, जितेंद्र साहू, लुकेश्वरी साहू, एवन साहू, प्रेमिन साहू, योगेश्वरी साहू आदि मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पदाधिकारी पंडित भागीरथी दुबे के हाथों पौधा प्रदान किया।

# बकमा में आयोजित कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

साहू समाज द्वारा ग्राम बकमा में आयोजित कर्मा जयंती पर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मां कर्मा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

ग्राम बकमा में साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिथि के रूप में संजू साहू, मिलन साहू, देवेश साहू, पुखराज साहू, देवनाथ साहू, अंजोर ठाकुर, शहजान पाशा, रमेश साहू उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक यादव ने मां कर्मा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि भक्ति और समर्पण की प्रतीक भक्त माता कर्मा का जीवन हमें समाज सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने भक्त माता कर्मा को नमन करते हुए माता कर्मा के बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर सरपंच लिलेश्वर साहू, उपसरपंच कमलनारायण साहू, कंवल राम साहू, हेमलाल साहू, केजुराम साहू, संतु राम साहू, मानसिंग ध्रुव, खगेश, रामशरण साहू, मनीराम साहू, नरेश साहू आदि मौजूद थे।



### गांवों में विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग

**महासमुंद।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई गांवों में अब भी सड़क, पेयजल, बिजली और नाली जैसी आधारभूत सुविधाओं की कमी देखने को मिलती है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निधि लोकेश चंद्राकर ने मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत टैंकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था की जाए और खराब हैंडपंप व पाइपलाइन को शीघ्र ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि हर साल अस्थायी व्यवस्था करने के बजाय दीर्घकालिक योजना बनानी होगी।



### निषाद समाज की हुई वार्षिक बैठक

**महासमुंद।** स्थानीय लालवानी गली दुर्गा मंदिर के सामने निषाद समाज शहरी संगठन का वार्षिक बैठक आयोजित हुई। जिसमें आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही सामाजिक समस्याओं का निराकरण व अवने विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। शहरी संगठन के अध्यक्ष गायत्री निषाद ने बताया कि बैठक उपरांत सभी सदस्यों ने होली मिलन कर एक दूसरे को गुलाल का टीका लगाया और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ढेलूराम निषाद, पूनाराम निषाद, शंकर निषाद, लीलाधर, फागू निषाद, मुकेश निषाद, राजेश, दाऊलाल, राजकुमार, सुरेश, नरेश, रामलाल निषाद आदि मौजूद रहे।



### मोंगरा में तीन दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम मोंगरा में आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार साहू ने रामायण मुख्य रूप से सात कांडों (बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, युद्धकांड और उत्तरकांड) में विभाजित है। महर्षि वाल्मीकि को 'आदिकवि' कहा जाता है। वे पहले एक साधारण शिकारी थे जिनका नाम रत्नाकर था। जब वे महर्षि नारद के संपर्क में आए, तो आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया और गहन तपस्या की। उनके अंदर परिवर्तन इतना गहरा था कि वे वाल्मीकि (वल्मीक = दीमक का टीला) कहलाए क्योंकि वे ध्यानस्थ स्थिति में इतने समय तक बैठे रहे कि उनके चारों ओर दीमकों का टीला बन गया। वाल्मीकि ने रामायण की रचना उस समय की जब राम स्वयं पृथ्वी पर थे। रामायण को 'आदिकाव्य' कहा जाता है और यह संस्कृत में रचित है। इसमें लगभग 24,000 श्लोक हैं। इस अवसर पर सरपंच रिखी राम साहू, गोपी कन्नौजे, लछमन साहू, सुरेश साहू, महेश साहू, गणेश साहू आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा में लैंगिक समानता का अर्थ लड़कों और लड़कियों को समान अवसर संसाधन और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना : डा. अनुसुइया अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वीरांगना रमोतीन माड़िया शासकीय आदर्श महिला महाविद्यालय नारायणपुर द्वारा हाइब्रिड मोड पर आयोजित संकाय विकास कार्यशाला में डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुईं। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य बीडी चांडक एवं डॉ. अनिल भतपहरी के मार्गदर्शन में आयोजित एवं रुसा 2.0 द्वारा प्रायोजित किया गया था।

डॉ अनुसुइया ने कहा कि शिक्षा में लैंगिक समानता का अर्थ केवल लड़कों और लड़कियों को स्कूल या कॉलेज भेजना मात्र नहीं है बल्कि उन्हें समान अवसर, संसाधन और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है ताकि वे अपनी क्षमता का पूर्ण विकास कर सकें। सरकार का विद्यालय एवं महाविद्यालय खोलने का उद्देश्य महिलाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ना है। इससे भारत में शिक्षा के स्तर में बहुत सुधार हुआ है।

विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे 'सर्व शिक्षा अभियान', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', महिलाओं को शिक्षा हेतु अनुदान, छात्रवृत्ति व छात्रावास निर्माण आदि के कारण बालिकाओं के प्रति सामाजिक सोच बदलने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने में सहायता मिली है। फलस्वरुप महिला शिक्षा की दर में काफी वृद्धि हुई है तथा लैंगिक समानता की दिशा में सकारात्मक बदलाव परिलक्षित हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि नारी व पुरुष की शारीरिक संरचना भिन्न है। जिसमें पुरुष कठोर व महिला कोमल व ममतामयी होती है इसीलिए जयशंकर प्रसाद ने लिखा है कि नारी को 'नारायणी' कहा एवं माना जाता है। नारी ने अपने इस नारायणी रूप को सुरक्षित रखते हुए प्रगति के अनेक सोपानों को तय किया है।



लैंगिक समानता को स्थापित और प्रभावी करने की शुरुआत सर्वप्रथम भारत की प्रथम आईएएस अन्ना राजम मल्होत्रा ने 1951 में किया था। बाद में प्रथम आईपीएस किरण बेदी हुई। भारत की प्रथम प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी और वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भी उदाहरण डॉ अग्रवाल के द्वारा दिया गया। ये दृष्टांत स्वरूप भारतीय समाज में स्वीकार किए गए। महिलाओं की शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा सेवा, ट्रांसपोर्ट, एवं प्रौद्योगिकी आदि सभी क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। मुख्य वक्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से महाविद्यालयीन छात्राओं में स्वावलम्बन, आत्मविश्वास, महिला सशक्तिकरण के साथ देश सेवा भावना का निर्माण होता है।

यह फेकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का तृतीय दिवस था। कार्यक्रम की शुरुआत दीपिका कोर्राम (अतिथि व्याख्याता रसायन शास्त्र) द्वारा की गई। महाविद्यालय के संदर्भ में दीपिका कोर्राम और महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार भतपहरी (हिंदी साहित्य) द्वारा संक्षिप्त परिचय दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य और एकमात्र वक्ता डॉ. अनुसुइया अग्रवाल थीं, जिन्होंने 'उच्च शिक्षा में लैंगिक समानता नीतियां, चुनौतियां और अवसर' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। प्रश्न-उत्तर सत्र में दुलेश्वरी कंडरा, डॉ. अनिल भतपहरी एवं मीना पोटाई ने प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर डॉ अनुसुइया के द्वारा बहुत सुंदर तरीके से दिया गया। प्रश्नोत्तर काल के अन्योन्य नवीनतम ज्ञानवर्द्धक बातों से सभी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

